जन्मदिन में जाने का कहकर निकला, दो दिन बाद जामण नदी के पास मिला शव

- शरीर पर चाकू और धारदार हथियार के निशान
- सीसीटीवी और मुखबिरों की मदद से पुलिस ने तलाशा शव

नव भारत न्यूज

रतलाम। दोस्तों के साथ जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने की बात कहकर घर से निकला 19 वर्षीय रितेश मईड़ा दोबारा नहीं लौटा। गुरुवार रात घर से निकले युवक का शव शुक्रवार देर रात बाजना रोड स्थित जामण नदी के पास मिला। उसके शरीर पर चाकू और धारदार हथियार से हमले के निशान थे। गुमशुदगी की सूचना के बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों के जरिए उसकी तलाश कर रही थी। आखिरकार तीन से चार घंटे की तलाश के बाद पुलिस को उसका शव मिला। पुलिस ने हत्या की पुष्टि करते हुए



आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

मृतक के बड़े भाई हिमांशु ने बताया कि रितेश गुरुवार रात करीब 9.30 बजे घर से निकला था। उस समय दो दोस्त बाइक से उसे लेने पहुंचे थे। उन्होंने जन्मदिन की पार्टी में जाने की बात कही और रितेश उनके साथ चला गया। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने फोन लगाया, लेकिन

सीसीटीवी से तलाश, चार घंटे की मशक्कत के बाद मिला शव

डीडी नगर थाना प्रभारी अनुराग यादव के अनुसार गुमशुदगी की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों से जानकारी जुटाई। इनसे मिली जानकारी के आधार पर युवक की आखिरी लोकेशन का पता चला। पुलिस ने संबंधित क्षेत्र में तीन से चार घंटे तक तलाश की, जिसके बाद रितेश का शव मिला।

मोबाइल बंद मिला। शुक्रवार दोपहर तक कोई जानकारी नहीं मिलने पर परिजन डीडी नगर थाने पहुंचे और गुमशुदगी की सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने रितेश की तलाश शुरू की। शुक्रवार रात पुलिस ने परिजनों को जामण नदी के पास शव मिलने की सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसकी पहचान रितेश के रूप में की।

शव पर पेट और गले सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर धारदार हथियार से हमले के निशान मिले। शनिवार को शव पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज में रखा गया, जहां परिजन मौजूद रहे।

हत्या के दो और हत्या के प्रयास का एक मामला था दर्ज

पुलिस के अनुसार रितेश के खिलाफ पहले से आपराधिक मामले दर्ज थे। वर्ष 2023 और 2024 में डीडी नगर थाने में उसके खिलाफ हत्या के दो प्रकरण दर्ज हुए थे। इसके अलावा हत्या के प्रयास से जुड़ा धारा 307 का एक मामला भी दर्ज था। करीब तीन महीने पहले वह हत्या के प्रयास के मामले में जेल से जमानत पर बाहर आया था। रितेश चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर था। परिवार में माता-पिता और दो भाई हैं।

मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ ने ट्रेन में महिला यात्री का चोरी हुआ मोबाइल बरामद कर आरोपी को पकड़ा



रतलाम। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ ने सतर्कता एवं तत्परता का परिचय देते हुए ट्रेन में यात्रा कर रही एक महिला यात्री का चोरी हुआ मोबाइल फोन बरामद करने तथा चोरी के आरोपी को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन संख्या 22902 में यात्रा कर रही महिला यात्री अरवा मुफद्दल अपने दिव्यांग बेटे के साथ एचए-1 कोच के केबिन संख्या ष्ट-8 एवं ष्ट-10 में सफर कर रही थीं। इसी दौरान उनका मोबाइल फोन चोरी हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर रतलाम मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए मामले में कार्रवाई शुरू की। इस पूरी कार्रवाई में टिकट चेकिंग स्टाफ के देवेंद्र प्रेमी, पप्पू सिंह राणा एवं इंद्रजीत की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वडोदरा के सीएमआई कंट्रोल के सहयोग एवं समन्वय से टिकट चेकिंग स्टाफ ने तत्परता दिखाते हुए संदिग्ध व्यक्ति को ट्रेन के फर्स्ट एसी कोच में पकड़ लिया तथा चोरी हुआ मोबाइल फोन बरामद किया। इसके पश्चात बरामद मोबाइल फोन महिला यात्री अरवा मुफद्दल को सुरक्षित रूप से सुपुर्द कर दिया गया, जबकि पकड़े गए आरोपी को आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई हेतु भरूच में रेलवे सुरक्षा बल के सुपुर्द किया गया।

किसी के घर मुस्कान, किसी के आंगन में रोशनी बनी नई शुरुआत संस्था

रतलाम। दीपावली का पर्व खुशियां बांटने और दूसरों के जीवन में रोशनी लाने का संदेश देता है। इसी भावना को पूरी तरह साकार करते हुए 'नई शुरुआत संस्था' के सदस्यों ने इस दीपोत्सव पर जरूरतमंद परिवारों के बीच पहुंचकर उनके साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं। संस्था की ओर से शहर की मोटी नगर और अर्जुन नगर बस्तियों में विशेष रूप से पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों को मिठाई, नए कपड़े, दीपक और पटाखों का वितरण किया गया, ताकि हर घर में रोशनी और उमंग का यह पर्व धूमधाम से मनाया जा सके।

जरूरतमंदों की सहायता के इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए संस्था ने ग्रामीण क्षेत्रों से रतलाम आकर शहर में रोजाना सब्जियां बेचने वाली मेहनतकश महिलाओं को भी विशेष रूप से साड़ियों का वितरण किया। त्योहार के इस अवसर पर अपने लिए नए उपहार और जरूरत का सामान पाकर इन महिलाओं और परिवारों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। कई लोगों ने भावुक होकर यह भी कहा कि आप जैसे मददगारों की वजह से ही उनकी यह दीपावली वास्तव में सार्थक हो पाई है, जिनके इन स्नेहपूर्ण शब्दों ने संस्था के सभी सदस्यों को भी भावुक कर दिया।

संस्था के पदाधिकारियों का कहना है कि उनका मुख्य उद्देश्य केवल राहत सामग्री या वस्तुएं वितरित करना भर नहीं है, बल्कि समाज के उन तबके और परिवारों तक त्योहारों की वास्तविक खुशियां पहुंचाना है जो अक्सर आर्थिक तंगी और कमजोर परिस्थितियों के कारण इन खुशियों से वंचित रह जाते हैं।

धनतेरस पर विशेष स्वामित्व रजिस्ट्री शिविरों में ग्रामीणों को मिला विधिक अधिकार

रतलाम। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार धनतेरस के शुभ अवसर पर जिले में स्वामित्व योजना के अंतर्गत विशेष रजिस्ट्री शिविर आयोजित किए गए।

इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को उनके आवासीय भूखंडों का विधिक स्वामित्व अधिकार प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई। ग्राम लोचीतारा, चारणखेड़ी एवं रूपनगर में स्वामित्व अधिकार पत्रों की रजिस्ट्री का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया गया। वहीं अन्य ग्रामों में भी विशेष शिविरों के माध्यम से रजिस्ट्री कार्य में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई।

बाजना में विधायक की उपस्थिति में 17 हितग्राहियों का रजिस्ट्रीकरण: जनपद पंचायत बाजना के सभाकक्ष में सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार के मुख्य आतिथ्य में स्वामित्व योजना के अंतर्गत रजिस्ट्रीकरण एवं दस्तावेज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 17 हितग्राहियों के अधिकार अभिलेखों का रजिस्ट्रीकरण कर उन्हें पंजीकृत दस्तावेजों की छायाप्रतियां वितरित की गईं। ग्राम पंचायत बाजना में कुल 587 हितग्राहियों के अधिकार अभिलेखों का रजिस्ट्रीकरण किया जाना है। इनमें से अब तक 216 हितग्राहियों का रजिस्ट्रीकरण पूर्ण हो चुका है। इस प्रकार लगभग 36.80 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है तथा शेष 371 हितग्राहियों का रजिस्ट्रीकरण प्रगतिरत है।

लोचीतारा में सभी 16 हितग्राहियों की रजिस्ट्री पूर्ण: रतलाम ग्रामीण अनुभाग के अंतर्गत विधायक मथुरालाल डामर द्वारा चयनित ग्राम लोचीतारा में स्वामित्व योजना के सभी 16 हितग्राहियों के अधिकार पत्रों की रजिस्ट्री शत-प्रतिशत पूर्ण कर ली गई। इस उपलब्धि से ग्राम के सभी पात्र हितग्राहियों को उनके आवासीय भूखंडों का विधिक स्वामित्व अधिकार प्रदान करने की प्रक्रिया पूरी हुई।

चारणखेड़ी में लक्ष्य के अनुरूप रजिस्ट्री कार्य पूर्ण: आलोट विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 223 के अंतर्गत जनपद पंचायत आलोट के ग्राम चारणखेड़ी में स्वामित्व पट्टों के रजिस्ट्री पंजीयन का कार्य उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। निर्धारित 44 हितग्राहियों के लक्ष्य के विरुद्ध 37 रजिस्ट्रियां पूर्ण की गईं। शेष 7 प्रकरणों में 4 फौती नामांतरण तथा 3 पूर्व से पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रय के मामले शामिल हैं। इस प्रकार सभी 44 हितग्राहियों के संबंध में स्वामित्व पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण की गई। धनतेरस के अवसर पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में इसे उत्सव के रूप में मनाया गया।

घटला, बोरवना एवं भटूनी में भी विशेष शिविर आयोजित: ग्राम पंचायत घटला में विशेष स्वामित्व रजिस्ट्री शिविर आयोजित किया गया। इसमें ग्राम बोरवना एवं भटूनी में लगभग 85 प्रतिशत तथा घटला में 80 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया। शिविर के माध्यम से शेष हितग्राहियों की रजिस्ट्री प्रक्रिया को भी गति प्रदान की गई।

रूपनगर में शत-प्रतिशत रजिस्ट्री पूर्ण: जावरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रूपनगर में भी स्वामित्व योजना के अंतर्गत सभी निर्धारित हितग्राहियों की रजिस्ट्री का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया गया। धनतेरस के अवसर पर आयोजित इन विशेष शिविरों से ग्रामीणों को उनके आवासीय भूखंडों का कानूनी स्वामित्व प्राप्त करने में सुविधा मिली। इससे ग्रामीण परिवारों को अपने संपत्ति अधिकारों का पंजीकृत दस्तावेज उपलब्ध कराने के साथ ही भविष्य में संपत्ति संबंधी कार्यों में भी सहूलियत मिलेगी।

जेल में महिला बंदियों के संग मनाई गई दिवाली

रतलाम। त्योहारों की खुशियों से कोई अछूता न रहे, इसी उद्देश्य के साथ शनिवार को रतलाम जिला जेल में महिला बंदियों के संग 'छोटी दिवाली-रूप चौदस' का पर्व अनूठे अंदाज में मनाया गया। कृष्ण कान्त मिश्रा (कृष्णा गुरुजी) के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम को 'मुक्ति दिवस' के रूप में मनाया गया, जहां महिला बंदियों के जीवन में नई आशा और सकारात्मकता का संचार किया गया।

आयोजन के दौरान कृष्णा गुरुजी ने महिला बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि रूप चौदस केवल बाहरी सौंदर्य का नहीं, बल्कि मन को सुंदर बनाने का पर्व है। नरकासुर वध की पौराणिक कथा का संदर्भ देते हुए उन्होंने समझाया कि जिस प्रकार भगवान कृष्ण ने नरकासुर का वध किया था, उसी प्रकार हम सभी को अपने भीतर के क्रोध, लोभ, ईर्ष्या, अहंकार और बदले की भावना जैसे विकारों को छोड़ने का संकल्प लेना चाहिए। मन के अंधकार को दूर कर आशा का दीप जलाना ही इस 'मुक्ति दिवस' का मुख्य संदेश है। इस दौरान महिला बंदियों ने धैर्य, करुणा और सकारात्मक सोच के साथ अपने जीवन को नई दिशा देने का संकल्प लिया।

लगातार आठवें वर्ष मनाए जा रहे इस प्रेरणादायक उत्सव का आयोजन पूर्व में इंदौर, भोपाल, देवास और उज्जैन की जेलों में सफलतापूर्वक किया जा चुका है। इसी कड़ी में इस वर्ष रतलाम जिला जेल की महिला बंदियों के साथ दीपावली की खुशियां साझा की गईं। कार्यक्रम के दौरान महिला बंदियों को सौंदर्य प्रसाधन सामग्री और मिठाइयां वितरित की गईं, जिससे जेल की चारदीवारी के भीतर भी अपनत्व और त्योहार का भरपूर उल्लास नजर आया।

डॉ. इंद्रेश कुमार का भारतमाता की तस्वीर भेंट कर किया स्वागत

जावरा। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक इंदौर रेसिडेंसी कोठी में आयोजित की गई। बैठक में मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक डॉ इन्द्रेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ में मंच के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं प्रदेश संयोजक फारूक खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में मध्यप्रदेश के 9 जिलों से आए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर संगठनात्मक गतिविधियों, मंच के विस्तार, सामाजिक समरसता, आपसी सद्भाव तथा राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।

डॉ इन्द्रेश कुमार के मार्गदर्शन



में उपस्थित प्रतिनिधियों ने संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने तथा समाज के विभिन्न वर्गों के बीच संवाद, सहयोग और सद्भाव को बढ़ावा देने के विषयों पर विचार-विमर्श किया।बैठक में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का विस्तार करते हुए।राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष व प्रदेश संयोजक फ़ारुख खान ने डॉ इंद्रेश कुमार के मौजूदगी में प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा की जिसमें। डॉ इक़बाल शाजापुर, रशीद खान महू, हमीद खान रतलाम, राजा खान लाला उज्जैन को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक एकता एवं राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने,आरजकता मिटाने लोकतंत्र चमकाने, का संकल्प लिया। इस अवसर पर मंच के पदाधिकारियों ने डॉ इंद्रेश कुमार का शाल ओढ़ाकर,श्रीफल, पुष्पगुच्छ भारतमाता की तसवीर भेंट कर पुष्पमालाओं से स्वागत किया। बैठक में इफ्तेखार पठान ,शाकिर गढ़वी ,आफाक खान ,मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रदेश सह संयोजक सैय्यद अमजद अली ने किया,आभार अंसार भाई ने किया।

समाज के प्रति दायित्व का निर्वाह करें किसान मोर्चा : मंत्री काश्यप



रतलाम। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह बागड़ी ने अपनी नियुक्ति पर कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप को हल का प्रतीक भेंटकर धन्यवाद ज्ञापित किया। मंत्री श्री काश्यप ने अंगवस्त्र से स्वागत अभिनंदन किया । किसान मोर्चा के स्वागत एवं धन्यवाद सम्मान समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, आरडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी एवं मोर्चा अध्यक्ष श्री बागड़ी मंचासीन रहे।

कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने इस मौके पर कहा कि किसान मोर्चा समाज के प्रति दायित्व का निर्वाह करें। भाजपा में पार्टी पदाधिकारी जो भी बनते हैं वे जनता के प्रति जवाबदार होते हैं, जनता भी उन्हें गंभीर नजरों से देखती है। भाजपा में जब भी कार्यकर्ता को कोई दायित्व दिया जाता है तो व्यापक चिंतन होता है। समाज के सभी वर्गों का समावेश किया जाता है। उन्होंने कहा कि धर्मेन्द्र सिंह बागड़ी पूर्व में किसान मोर्चा में जिला महामंत्री के रुप में कार्य कर चुके हैं। अब अध्यक्ष के रुप में इनके पास समस्त किसानों की चिंता का दायित्व रहेगा। वर्तमान में किसानों से जुड़े कई मुद्दे गंभीर हैं। इस वर्ष जिले में वर्षा भी कम हुई है इससे किसानों के सामने कई चुनौतियां हैं।

मोर्चा अध्यक्ष समस्त परिस्थितियों में समन्वय कर कार्य करेंगे तो पार्टी को मजबूत होगी। समारोह में जीजी सिंह-सचिव राजपूत बोर्डिंग, भूपेन्द्र सिंह तारखेड़ी, कृष्णसिंह संदला, भानुप्रताप सिंह मलवासा, नरेन्द्र सिंह डोडियार, डॉ. महावीर सिंह पुरावत, गुरु प्रताप सिंह आम्बा, लोकेन्द्र सिंह नौगांवा, नरेन्द्र सिंह, हरेन्द्र सिंह, राजकुमार सिंह झरखेड़ी, लोकेन्द्र सिंह रायपुरिया, धीरेन्द्र सिंह सरवन, महेन्द्र सिंह राठौर, अजीत सिंह चुण्डावत, कवि बृजराज सिंह, जयराज सिंह, दिलीप सिंह राजावत, आदित्य सिंह चौहान, जितेन्द्र सिंह राठौर, सत्यजीत सिंह राजावत, आशुष वशिष्ठ, शुभम मूणत आदि उपस्थित रहे।

इचलकरंजी महानगरपालिका जि. कोल्हापूर
बांधकाम विभाग

जाहीर ई-निविदा सूचना क्रं. 14/2026-27 दि. 6/1/2026

- इचलकरंजी महानगरपालिकेकडील म.न.पा.फंड सन 2026-27 अंतर्गत महानगरपालिका मुख्य इमारत व अन्य इमारतीमधील विद्युतीकरण नूतनीकरण व अन्य अनुषंगिक 09 कामे मक्त्याने पुर्ण करुन घेण्यासाठी पात्र मक्तेदारांकडून ई-निविदा मागविणेत येत आहेत.
- सदर ई-निविदा http:mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि. 7/11/2026 रोजी सकाळी 12.00 वाजले दि. 14/11/2026 दु.2.00 वाजेपर्यन्त पहावयास मिळेल.
- भरलेली निविदा सादर करणेची अंतिम दि. 14/11/2026 दुपारी 2.00 वाजेपर्यन्त राहील.
- शक्य झालेस निविदा दि. 16/11/2026 दुपारी 3.00 वाजता उपस्थित मक्तेदारांच्या समोर उघडणेत येईल.

तसेच निविदा संबंधी सर्व अटी व शर्तीची माहिती बांधकाम विभागात कार्यालयीन वेळेत व इ.म.पा नोटीस बोर्डावर तसेच http:mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर पहावयास मिळतील.

जा.क्रं./बांध/4859/2026 सही/-
महानगरपालिका कार्यालय अति. आयुक्त
दि. 06/11/2026 इचलकरंजी महानगरपालिका

देश-विदेश

लॉरेंस का करीबी हैरी बॉक्सर गिरफ्तार

नवभारत न्यूज नेटवर्क

वाशिंगटन, 7 नवंबर. गैंगेस्टर लॉरेंस बिश्नोई के करीबी हैरी बॉक्सर को अमेरिका में हिरासत में लेने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है. हरियाणा एसटीएफ के मुताबिक, हरियाणा के मोस्ट वांटेड गैंगस्टर हैरी बॉक्सर को अमेरिका से हिरासत में लिया गया, फिर गिरफ्तार किया गया है.

वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग को अमेरिका में बैठकर ऑपरेट कर रहा था. हैरी बॉक्सर वही गैंगेस्टर



है, जिसने रोहित शेट्टी के घर के बाहर फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी. हैरी बॉक्सर ने ही रोहित शेट्टी

रोहित शेट्टी के घर पर करवाई थी फायरिंग

के घर के बाहर फायरिंग के बाद सोशल मीडिया पोस्ट और ऑडियो के जरिए बॉलीवुड के लोगों को धमकी दी थी.

हैरी पर पहले से कई मामले दर्ज हैं. उसके खिलाफ हत्या, धमकी देकर रंगदारी वसूल करने के कई मामले हैं. हैरी बॉक्सर, जिसका असली नाम हरिचंद जाट है, लॉरेंस बिश्नोई गैंग का एक्टिव गुर्गा है. ये मूल रूप से राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बामसूर इलाके का रहने वाला है.

जयपुर में रहने के दौरान उसने बॉक्सिंग सीखी थी, इसी वजह से उसे बॉक्सर नाम मिला. शुरुआत में उसने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की और बॉक्सिंग कोच के तौर पर भी काम किया, लेकिन बाद में अपराध की दुनिया में आ गया. जल्द ही भारतीय एजेंसियां कानूनी प्रक्रिया को फॉलो कर नोडल एजेंसी सीबीआई की मदद लेकर इसको भारत लाएंगी.

फ्रांस : सरकार के खिलाफ सड़क पर लोग

पेरिस. फ्रांस में महंगाई, कम वेतन और सरकारी नीतियों के खिलाफ जारी आंदोलन क्रिसमस तक चलेगा. इस दौरान देशभर की सड़कों पर लोग प्रदर्शन कर रहे हैं. यहां प्रदर्शनकारियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है. लगभग 5.75 लोग सड़कों पर उतरे. प्रदर्शन में मजदूरों, छात्रों, शिक्षकों और येलो वेस्ट आंदोलन से जुड़े लोगों ने रैलियां निकालीं. कई शहरों में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं. पुलिस ने 448 लोगों को हिरासत में लिया. प्रदर्शन क्रिस्मस तक चल सकता है. फ्रांस में महंगाई, कम वेतन और सरकार की नीतियों से नाराजगी अब बड़े जनआंदोलन का रूप लेती दिख रही है.

कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम, उज्जैन

छत्रपति शिवाजी भवन आगर रोड उज्जैन
(online) निविदा आमंत्रण सूचना

विज्ञप्ति क्र.1 1924 उज्जैन दिनांक :- 5/11/2028

निम्नांकित कार्य के लिए प्रपत्र 'अ' (फार्म ए) में प्रतिशत कम या अधिक के आधार पर प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन भोपाल के कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से उक्त विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैं, तथा ठेकेदार की (श्रेणी सी) एम.पी. गवर्मेंट व सिरियल क्र. 1 का टेण्डर फार्म मूल्य 12500/- रहेगा । सिरियल क्र. 1 आनलाईन क्रय करने की अंतिम दिनांक 20.11.2026 समय 17:30, ऑनलाईन ई.एम.डी. राशि एवं समस्त दस्तावेज Submission करने की अंतिम दिनांक 20.11.2026 समय 17:30 रहेगी। निविदा की बिड दिनांक 23.11.2026 को समय 11:00 बजे खोली जायेगी।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं। यदि उपरोक्त निविदा ने किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना ऑन लाईन दी जावेगी । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नही की जावेगी।

क्र	टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र.	अर्नेस्टमनी रू.	समय अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	2026_UAD_525658_1	वार्ड क्र. 10 श्री क्षेत्र वाल्मिकीधाम आश्रम उज्जैन में डोम निर्माण कार्य ।	1,4401,126/-	UADD ISSR SOR 02-08-2021	72100/-	365 दिन

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम उज्जैन

YES BANK यस बैंक लिमिटेड
शाखा पता : यस बैंक लिमिटेड, 9-1-1, एमजी रोड़, ट्रेजर आयलेंड के पास, इन्दौर म.प्र. 452001.

आधिपत्य सूचना [नियम - 8(1) अचल संपत्ति हेतु]

यस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त अधिकारों के अनुसरण में, नीचे विस्तार में वर्णित ऋणी को मांग सूचना पत्र जारी किया था जिसके तहत उक्त 13(2) धारा के अंतर्गत सूचना के प्राप्त होने की तिथि से **60 दिनों** के अंदर सूचना में वर्णित राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया था।

ऋणी द्वारा संपूर्ण धनराशि न चुकाए जाने पर, एतद्द्वारा ऋणी को एवं सामान्य रूप से जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन उन्हें दिए गए अधिकारों के अनुसरण में यहाँ वर्णित संपत्ति का **सांकेतिक कब्जा** ले लिया है। ऋणी / सिक्योरिटी एवं आम जनता को इसके द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे नीचे बताई गई प्रॉपर्टी के साथ कोई लेन-देन न करें और उक्त प्रॉपर्टी के साथ कोई भी लेन-देन बैंक के नीचे बताई गई रकम के चार्ज के अधीन होगा, साथ ही इसमें सभी अन्य बकाया रकम, जिसमें लागत, शुल्क, खर्च और उस पर लगने वाला ब्याज भी शामिल है। विशेष रूप से ऋणी एवं सामान्य रूप से जनसाधारण को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि संपत्ति के साथ किसी प्रकार का सौदा न करें एवं संपत्ति के साथ किसी प्रकार का सौदा यहाँ वर्णित राशि का उस पर अनुबंधित दर से ब्याज एवं लागत के भुगतान के साथ **यस बैंक लिमिटेड** को चुकाए जाने के अधीन किया जाएगा।

क्रं.	लोन नंबर	ऋणी/सह-ऋणी एवं बंधककर्ता का नाम/	बकाया राशि 13(2) नोटिस अनुसार	13 (2) सूचना दि. / कब्जे की दिनांक
1	AFH004 000951133 and AFH00400095114	नंदकिशोर शर्मा पिता मोहन लाल (ऋणी एवं बंधककर्ता) राखी शर्मा (सह-ऋणी)	Rs. 30,85,807.04/- (रु. तीस लाख पचासी हजार आठ सौ सात रुपये एवं चार पैसे मात्र) दिनांक 13.03.2026 तक	26.03.2026 / 05.11.2026

बंधक संपत्ति का विवरण: गांव मैंडकीचक, वार्ड नं. 7, ''मैनाश्री गीताश्री ग्रीन सिटी'' कॉलोनी, देवास, म.प्र., प्लॉट नं. 166 एवं वहां निर्मित मकान साइज एवं चर्तुसीमाएं निम्नानुसार हैं: **कुल प्लॉट क्षेत्रफल:** 60.00 वर्ग मीटर, **चर्तुसीमाएं:** पूर्वः कॉलोनी रोड, पश्चिमः अन्य भूमि, उत्तरः प्लॉट नं. 167, दक्षिणः प्लॉट नं. 165

2	HLN00400 1655503	श्री विजेन्द्र सिंह चौहान पिता भारत सिंह चौहान (ऋणी)	Rs. 17,42,701.00/- (रु. सत्रह लाख बयालीस हजार सात सौ एक रुपये एवं शून्य पैसे मात्र) दिनांक 26/03/2026 तक	26.03.2026 / 05.11.2026

बंधक संपत्ति का विवरण: संपत्ति के शेष एवं संपूर्ण भाग, प्लॉट नं. 291 का भाग, सिंगापुर श्याम विहार, गांव बिज्रुखेड़ी, तहसील एवं जिला इंदौर (म.प्र.), **850 वर्गफीट, चर्तुसीमाएं निम्नानुसार हैं:** पूर्वः कॉलोनी रोड, पश्चिमः अन्य भूमि, उत्तरः प्लॉट नं. 290, दक्षिणः प्लॉट नं. 292

हस्ते/-
स्थान : इंदौर, मध्य प्रदेश प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 05.11.2026 यस बैंक लिमिटेड